# दो पक्षों में विवाद, एक व्यक्ति की मौत

## पुरानी रंजिश पर से शादी समारोह में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, पिता की मौत, गंभीर रूप से घायल बेटा हुआ भोपाल रेफर

**नवभारत न्यूज**

**सागर 15 मार्च. सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बम्होरी तिगड्डा के पास एक शादी समारोह में दो परिवारों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया.**

मामूली कहासुनी ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों में जमकर मारपीट होने लगी, इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया. घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हाईवे के पास स्थित ग्राम बाग खेजरा में शनिवार रात एक शादी समारोह आयोजित था. समारोह में शामिल होने के लिए बब्लू पांडेय भी पहुंचे थे, वहीं अनिल पांडेय भी मौजूद था. दोनों के बीच पहले से मारपीट की पुरानी रंजिश चली आ रही थी, इसी पुराने विवाद को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई, जो धीरे-धीरे झूमाझटकी में बदल गई. मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर उस समय विवाद शांत करा दिया था और बब्लू पांडेय को वहां से घर भेज दिया गया था. इसी बीच उनके भाई प्रदीप पांडेय (40) अपने बेटे रचित पांडेय (21) के साथ बम्होरी तिगड्डा की ओर जा रहे थे, इसी दौरान रास्ते में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और फिर विवाद ने उग्र रूप ले लिया. आरोप है कि हमलावरों ने प्रदीप पांडेय और उनके बेटे रचित पर साइकिल की चेन और पत्थरों से हमला कर दिया. जानकारी के अनुसार मारपीट की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, इलाज के दौरान प्रदीप पांडेय की मौत हो गई, जबकि रचित की हालत गंभीर बनी हुई है. प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर किया गया है.



मृतक के भाई रामअवतार उर्फ बब्लू पांडेय ने बताया कि आरोपी पक्ष से उनका लगभग 25 साल पुराना विवाद चल रहा है. दोनों परिवार गांव में सरपंच पद के चुनाव में भी आमने-सामने रह चुके है. उन्होंने बताया कि वह शादी समारोह में गए थे, जहां विवाद हुआ था. सिविल लाइन थाना प्रभारी आनंद सिंह ने बताया कि पुरानी रंजिश के कारण यह मारपीट हुई है, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक घायल है. शिकायत के आधार पर मुख्य आरोपी अनिल पांडेय सहित पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है. मिली जानकारी के अनुसार वहीं देर शाम पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लिया है जिनमें दो नाबालिग भी है.

# डिजिटल युग में भी बनाए रखें रिश्तों की गर्माहट

**नवभारत न्यूज**

**सागर 15 मार्च. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का समापन हुआ.**

मुख्य अतिथि सांसद एवं प्रदेश महामंत्री श्रीमती लता वानखेड़े रहीं. अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद तिवारी ने की. विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि श्रीमती आशा सिलाकारी तथा विशेष आमंत्रित जनभागीदारी सदस्य विनय मिश्रा एवं प्रासुक जैन मंचासीन रहे. समन्वयक डॉ. पद्मा आचार्य ने कहा कि वर्तमान तकनीकी युग में हमें अपने आपसी रिश्तों की गर्माहट को बनाए रखना चाहिए. प्रतिवेदन वाचन, डॉ. अंजना नेमा ने संगोष्ठी का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. चतुर्थ अकादमिक सत्र में अनेकों शोध पत्रों का प्रस्तुतीकरण किया गया.



संचालन पायल चैरसिया ने किया. अध्यक्षता डॉ. सरिता श्रीवास्तव ने की. प्रो. रेखा नागपुर ने किशोरियों की समस्याओं और डिजिटल पारिस्थिति में सोशल मीडिया के समुचित उपयोग पर प्रकाश डाला. वृषभान ने अपने शोध में स्पष्ट किया कि मेडिटेशन से मानसिक स्वास्थ्य उत्तम होता है. समृद्धि और गायत्री पवार ने बताया कि सोशल मीडिया और डिजिटल तकनीक से मानव व्यवहार में बड़े परिवर्तन आ रहे हैं यह तकनीक कभी वरदान तो कभी अभिशाप बन जाती है. डॉ. संतोष चढ़ार ने चिंता व्यक्त की कि तकनीक के अत्यधिक प्रयोग से मस्तिष्क सुषुप्त हो रहा है,अभिभावक बच्चों को समय देने की बजाय उन्हें मोबाइल थमा देते हैं. डॉ. सोनल जैन ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं सबसे पहले मन में उत्पन्न होती हैं, इसलिए स्वस्थ रहने के लिए स्वस्थ संकल्प लेना अनिवार्य है. डॉ. सुप्रिया जैन एवं शोधार्थी माधुरी खंडेलकर ने दूरस्थ संचार के दौरान व्यवहार को सहज और सरल बनाए रखने की सलाह दी. छटे सत्र में पोस्टर प्रतियोगिता एवं पैनल डिस्कशन हुआ. जिसका संयोजन डॉ. प्रतिमा खरे डॉ. अर्चना मिश्रा, तथा डॉ. दीपा खटीक, के द्वारा किया गया. डॉ. आभा गोयल, डॉ. भावना रमैया, और डॉ. कीर्ति चौरसिया ने भूमिका का निर्वाह किया.

# पर्ल्स कंपनी के निवेशकों ने सौंपा मांग पत्र

**नवभारत न्यूज**

**सागर 15 मार्च. पर्ल्स कंपनी के निवेशकों का एक प्रतिनिधि मंडल विधायक शैलेंद्र जैन के निवास पर पहुंचा और कंपनी द्वारा लंबे समय से निवेशकों का भुगतान न किए जाने के संबंध में मांग पत्र सौंपा.**

मांग पत्र में प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि पर्ल्स कंपनी द्वारा पूर्व में अनेक लोगों से निवेश कराया गया था, लेकिन काफी लंबे समय से निवेशकों को उनकी राशि का भुगतान नहीं किया गया है. प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि पूर्व में भी विधायक श्री जैन को ज्ञापन सौंपा गया था, जिस पर उन्होंने मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव से चर्चा की थी एवं मध्य प्रदेश विधानसभा में शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था. विधायक श्री जैन ने कहा कि इस विषय पर शासन स्तर पर चर्चा की गई है और कंपनी की प्रदेश में स्थित संपत्तियों को विक्रय कर प्राप्त राशि से निवेशकों को भुगतान कराने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजने के संबंध में भी विचार किया गया है. इस पूरे मामले में आगे की प्रक्रिया के संबंध में चर्चा कर निवेशकों को अवगत कराया जाएगा कि उनकी सहायता की जा सकती है.



# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सागर 15 मार्च. मोतीनगर थाना पुलिस ने दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. मोतीनगर पुलिस ने गंभीर प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे केंद्रीय जेल भेज दिया गया.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ने थाना मोतीनगर में शिकायत दर्ज कराई थी. शिकायत में बताया गया कि आरोपी महेन्द्र वंशवर्ती निवासी बीजा डोंगरी मुडारी थाना जवेरा जिला दमोह का उसके घर आना-जाना था, जिससे दोनों के बीच पहचान हो गई थी. इसी पहचान और विश्वास का फायदा उठाते हुए एक दिन जब वह घर में अकेली थी, तब आरोपी जबरन घर में घुस आया और उसके साथ दुष्कर्म किया, विरोध करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी. पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की. इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें अपराध करना स्वीकार कर लिया.

# मुख्यमंत्री कन्यादान 20 अप्रैल को आयोजित

**खुरई.** मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन आगामी 20 अप्रैल सोमवार को अक्षय तृतीया पर्व पर आयोजित किया जाएगा. पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि खुरई शासकीय माडल उमा विद्यालय प्रांगण में यह कार्यक्रम संपन्न होगा. श्री सिंह ने निर्देशित किया है कि उक्त दिनांक एवं स्थान पर मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं तथा शीघ्र ही आवेदन प्रकिया आरंभ की जाए.

# क्षमता वर्धन प्रशिक्षण आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**सागर 15 मार्च. करापुर सेक्टर के नवांकुर संस्था ने ग्राम बेरखेड़ी गंगाराम में प्रस्फुटन समिति सदस्यों का क्षमता वर्धन हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया.**

नवांकुर समिति अभिनयतोश महिला बाल विकास समिति के पदाधिकारी नीलरतन पात्रा एवं चंद्रप्रकाश शुक्ला उपस्थित रहे. कार्यशाला में प्रस्फुटन समिति गठन के उद्दश्य एवं ग्राम विकास में भूमिका पर चर्चा की गई. सरकारी योजनाओं गांवों में सही तरीके से संचालित हो सके उसके लिए समिति कैसे ब्रिज के रूप में कार्य कर सके उस पर चर्चा की गई. सभी ने अपनी प्रस्तुति रखते हुए चर्चा कर रणनीति बनाई गई.

# पेंटिंग-पॉटरी वर्कशॉप संपन्न



**नवभारत न्यूज**

**सागर 15 मार्च. आपस सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा महिला ओपन माइक, पेंटिंग एवं पॉटरी वर्कशॉप का आयोजन हुआ.**

मुख्य अतिथि अनुश्री शैलेंद्र जैन ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को प्रतिभा प्रदर्शित करने और आत्मविश्वास बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं. संचालन वापी शर्मा, सूचिता अग्रवाल ने किया. संयोजन शेफाली जैन, रेशु सिंह, सुचेता दुबे ने किया. इस दौरान अध्यक्ष प्रीति सिंह, नीलम पिंपलपुरे, सुजाता मालेया, प्रतिभा तिवारी, डॉ. साधना मिश्रा, गीत सलूजा, डॉ. निधि मिश्रा, अर्चना अग्रवाल, नीलम साहू, मोहिनी दूबे, अंकिता रंधेलिया, एकता खेमारिया, आरती सिंह, शेफाली जैन और कंचन अग्रवाल, अनुपम राजपूत मौजूद थी.

# कृषि संकट और निदान पर कार्यशाला आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सागर 15 मार्च.अखिल भारतीय किसान सभा, राज्य परिषद् के तत्वावधान में किसानों की समस्याओं और उनके समाधान पर क्षेत्रीय किसान कार्यशाला का आयोजन किया गया.**

कार्यशाला को दिशा देने के लिए किसान सभा की केंद्रीय समिति से राष्ट्रीय अध्यक्ष साथी राजन क्षीर तथा राष्ट्रीय सचिव साथी के. डी. सिंह ने कहा कि वर्तमान सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण किसानों की स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है. खेती की उत्पादन व्यवस्था कमजोर हो रही है और सरकार कृषि उपज मंडियों को निजी कॉरपोरेट कंपनियों के हवाले करने की दिशा में काम कर रही है. कार्यशाला में यह निर्णय लिया गया कि ग्रामीण स्तर पर किसान सभा की इकाइयों का गठन किया जाएगा. इसके साथ ही क्षेत्रीय किसान कार्यशालाओं और किसान यात्राओं का आयोजन भी किया जाएगा. बैठक में आगामी कार्यक्रमों के तहत 23 मार्च को साम्राज्यवाद विरोधी दिवस तथा 11 अप्रैल को किसान सभा के स्थापना दिवस को व्यापक रूप से मनाने का भी निर्णय लिया गया.




# स्कूल में शिविर का समापन



**नवभारत न्यूज**

**ललितपुर 15 मार्च. बसंत कालीन शिविर का आयोजन रानी लक्ष्मीबाई पब्लिक स्कूल में चार दिवसीय बसंत कालीन शिविर का आयोजन हुआ.**

प्रधानाध्यापक राजेन्द्र सिंह के संरक्षण एवं कैम्प कमांडेंट श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव एवं सहायक कमांडेंट अनुकां पारासर एवं नंदिता के निर्देशन में 94 छात्राएं एवं 09 अध्यापकों की सहश झांसी के ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पुरातात्विक दृष्टि से प्रसिद्ध तीर्थस्थल एवं पर्यटन क्षेत्र देवगढ़ जी के लिए प्रस्थान किया. कैम्प फायर के अवसर पर संगीत शिक्षक मुकेश सोनी के निर्देशन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया.

# दो दिवसीय संगोष्ठी आज

**सागर.** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय, में 16 एवं 17 मार्च को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है.बुंदेलखंड के लोक-हृदय में श्रीराम विषय पर केंद्रित संगोष्ठी में प्रख्यात विद्वान, साहित्यकार और शिक्षाविद शामिल होकर श्रीराम के लोक-व्यापी स्वरूप पर मंथन करेंगे. प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता के संरक्षण में यह आयोजन छह सत्रों में संपन्न होगा. संगोष्ठी का उद्घाटन सोमवार को होगा. मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र जैन, अध्यक्षता रानी अवंतीबाई लोधी विवि कुलगुरू डॉ. विनोद मिश्र करेंगे.

# वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या पतन का संकेत

**नवभारत न्यूज**

**सागर 15 मार्च. डॉ. हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन वैलेडिक्टरी सत्र के साथ संपन्न हुआ.**

श्के. के. मिश्रा जिला समन्यवक ने अपने वक्तव्य में सामाजिक रक्षा कार्यक्रमों के प्रसार और उनके प्रभावी क्रियान्वयन में समाज कार्य शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला. सत्यजीत सिंह सचिव समन्वय मंडपम ने बताया कि हम किस प्रकार के समाज की कल्पना करते हैं और उस आदर्श समाज के निर्माण में समाज कार्य की क्या भूमिका हो सकती है.

द्वितीय तकनीकी सत्र में वक्ता डॉ. जया श्रीवास्तव, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सदस्य ने पंच परिवर्तन और सामाजिक समरसता के महत्व पर विस्तार से चर्चा की. उन्होंने मध्य प्रदेश की विभिन्न कल्याणकारी योजनायों से भी सभी को परिचित कराया. इस अवसर पर डॉ. अतुल निझावन, राज्य सलाहकार जन अभियान परिषद् ने कहा कि समाज में वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या नैतिक मूल्यों के पतन का संकेत है.



आयोजित प्रमाण पत्र वितरण में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए.

इस अवसर पर प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत ने कहा शिक्षा और प्रशिक्षण के माध्यम से व्यक्तित्व विकास एवं समाज कल्याण को गति मिलती है. इस कार्यशाला में सामाजिक समरसता, वृद्धों , महिलायों, किशोर ,भिक्षा, सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास से जुड़े विभिन्न आयामों पर गहन चर्चा और संवाद हुआ,

# राष्ट्रीय स्तर पर मिली मान्यता




**नवभारत न्यूज**

**रहली 15 मार्च. नगर पालिका परिषद द्वारा नगर में किए जा रहे विकास एवं जनसेवा से जुड़े कार्यों को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है.**

क्यूआरओ क्वाल्टी रिसर्च ऑर्गनाइजेशन द्वारा नगरपालिका परिषद के कार्यों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन किया गया, जिसके पश्चात परिषद को तीन महत्वपूर्ण मानकों के अंतर्गत प्रमाणित किया गया है. नपाध्यक्ष देवराज सोनी ने बताया कि नपा लगातार चौथे वर्ष राष्ट्रीय स्तर के सम्मान से गौरवान्वित हो रही है, पहले वर्ष परिषद को आईएसओ अवार्ड, दूसरे वर्ष स्कोच अवार्ड तथा तीसरे वर्ष स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रदेश में प्रथम और देश में 14वां स्थान प्राप्त हुआ था. अब चौथे वर्ष में क्यूआरओ द्वारा तीन अलग-अलग मानकों में प्रमाणन मिलना जो प्रगति और प्रशासनिक दक्षता का प्रमाण माना जा रहा है. उपलब्धि पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने इसे पूरी टीम की मेहनत बताया.

# उपलब्धियों के लिए महिलाओं का सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**सागर 15 मार्च. तिली स्थित एर्ग निजी होटल में मानवोत्थान पर्यावरण तथा स्वास्थ्य जागरूकता समिति गवेषणा' के बैनर तले अंधविश्वास बनाम तर्कशीलता भारतीय व अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में विषयक संवाद के साथ विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए महिलाओं का सम्मान किया गया .**

मुख्य वक्ता तर्कशील समिति कनाडा एवं भारत के डॉ. बलविंदर बरनाला ने अनेक व्याप्त अंधविश्वासों को अपने तर्कों और अनुभवों से खंडित किया. श्रोताओं से प्रश्न आमंत्रित कर उनके समाधान करने के प्रयास किये, विषय प्रवर्तन डॉ.राजेश गौतम और डॉ.सुनील साहू ने किया . समिति अध्यक्ष डॉ. मनोहर लाल गोपीबाई चौरसिया ने कहा कि जिस दिन महिलाएं अपने श्रम का हिसाब माँग लेंगी, उस दिन मानव इतिहास की सबसे बड़ी धोखाधड़ी पकड़ी जावेगी. गवेषणा परिवार की महिला सदस्य श्रीमती शोभा-देवकी बाई, डॉ.सरिता-रामदुलारी, अरुणा सुशीला, विदुषा, और बिटिया इति-अरुणा ने महिलाओं को सम्मान पत्र, स्मृति चिह्न और स्नेह उपहार भेंट किए. इस अवसर पर प्रो चंदा बेन, डॉ. निलय, डॉ श्वेता, मोहनी, डॉ रुचि, राधा देवी, गीता, नत्थी देवी, डॉ.देवकी, कमला देवी, देवकी उर्फ दीपा, डॉ. रूबी, सरला, स्वाति जतना देवी, गुड्डी प्रेमरानी आदिवासी आदि सम्मानित हुई.

आयोजन टीम में डॉ.चन्दन, डॉ. दिनेश, डॉ.तरुण, डॉ. शिवकुमार, कैलाश चौरसिया, पुरुषोत्तम चौरसिया रहे. गवेषणा समिति सचिव इंजी. रमेश चौरसिया ने डॉक्टर बरनाला को स्मृति चिह्न भेंट किए.



# धर्म ही सहारा जिस पर संशय करना अहितकारी : मुनिश्री

**नवभारत न्यूज**

**ललितपुर 15 मार्च. अभिनंदनोदय तीर्थ क्षेत्र क्षेत्रपाल मंदिर ललितपुर में धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए तीर्थचक्रवर्ती निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज ने कहा धर्म मार्ग ही श्रेयस्कर है.**

धर्म पर संशय महान अहितकारी बताते हुए उन्होंने कहा धर्म ही एक मात्र सहारा है जो पतित को पावन वनने का मार्ग है. जहां व्यक्ति को अच्छे बुरे का ज्ञान रहता है और पापों से बचकर अपना कल्याण कर लेता है. व्यक्ति के जीवन में प्रतिक्षण उतार चढाव का परिवर्तन होता है हमें अपने कर्मों को सदकारियों से जोडना है. मुनि श्री ने धर्म के मार्ग को श्रेयस्कर और कल्याणकारी मार्ग बताया. कोई भी वस्तु अच्छी नहीं और कोई भी बस्तु बुरी नहीं. श्रावक जीवन में पापों से नहीं बच पाता वह गलती करता है, पाप में घिर जाता,जबकि वास्तव में शान्ति धर्म मे ही है.



मुनि श्री सुधासागर महाराज का पादप्रक्षालन आशीष कुमार नितन जैन द्वारा किया गया. प्रात:काल प्रभु अभिषेक के उपरान्त शान्तिधारा संदीप सरार्फ, निर्मल जैन, डा. अक्षय टडैया, अशोक जैन द्वारा की गई. संचालन महामंत्री आकाश जैन ने किया.

मुनि संघ के सानिध्य में आगामी 28 मार्च से देवोदय तीर्थ में सम्पन्न होने वाले पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पात्रों का चयन ब्रहमचारी प्रदीप भैया के संयोजन में हुआ जिसमें श्रीमति सिलोचना अखिलेश जैन भगवान के माता पिता, संजीव जैन राजीव जैन लकी सौधर्म इन्द्र, सुरेश चंद संजीव जैन सीए महायज्ञनायक चयनित हुए . इसके अतिरिक्त धनपति कुवेर सुनीता जैन अशोक जैन, भरत चकवर्ती श्रीमति मनीशा जैन जितेन्द्र जैन, वाहुवलि इन्द्र विनीत जैन सुधा जैन, राजा श्रेयांस अनीता अनिल जैन अंचल, राजा सोम एवं ध्वजारोहणकर्ता संदीप सम्यक सराफ , विधि नायक ज्योति जैन , अंशुल जैन ने किया .

# नगर में निकाली गई कलश यात्रा

**नवभारत न्यूज**

**बीना 15 मार्च. मां कर्मा प्रगट उत्सव पर कलश यात्रा मां जागेश्वरी धाम से राधे-राधे प्रभातफेरी मंडल के तत्वाधान में प्रारंभ हुई.**

जो नगर भ्रमण करती हुई श्री कौशल किशोर देव राम जानकी धाम पर संपन्न हुई. इस मौके पर मंगल आरती एवं भजन का आयोजन किया गया. राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल के द्वारा संकीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया गया. भक्त माली कुंज बिहारी द्वारा बताया गया कि भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त थीं, जिन्होंने निस्वार्थ प्रेम से प्रभु को बनाई खिचड़ी भोग लगाने को विवश कर दिया था. राजस्थान के नागौर में जन्मी कर्माबाई बालरूप में कृष्ण को पुत्र मानकर सेवा करती थीं. उनकी पवित्र भक्ति व सरलता के कारण भगवान स्वयं उनके द्वारा बनाई खिचड़ी बड़े चाव से खाते थे. इस दौरान साहू समाज अध्यक्ष सुरेंद्र साहू और रघुवीर साहू,नर्मदा प्रसाद, देवेंद्र गुप्ता महिला साहू समाज अध्यक्ष ममता साहू, नंदकिशोर साहू,चौधरी अशोक साहू, करोड़ी लाल शास्त्री, आदि में भक्त माली कुंज बिहारी एवं अतिथियों का स्वागत किया.



# कबड्डी प्रतियोगिता कल

**सागर.** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत नवाचार गतिविधि के तहत पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से जिला पंचायत द्वारा 15 मार्च को प्रात: 9 बजे से स्मार्ट सिटी स्टेडियम, में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत की अध्यक्षता में किया जाएगा. प्रतियोगिता में जिले के प्रत्येक जनपद पंचायत से चयनित टीमें भाग लेंगी. प्रतियोगिता में विजेता टीम को 21,000, द्वितीय को 11,000, तृतीय को 5,100 तथा तीन टीमों को 1,100-1,100 की राशि सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रदान की जाएगी.